# कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ

## विज्ञप्ति

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांकः 1674/एसएलएसए/5-2002 (एओ/री) दि० 24.11.2017 व शासनादेश सं0 827 / सात-न्याय-7-2014-47/2012 दिनांकः 11.11.2014, व पत्रांकः 2740/एसएलएसए/5-2002 दिनांक 26.11.2018 एवं पत्र सं०-3839/ एसएलएसए -23/2016 दिनांकित 08.12.2023 के अनुसार जनपद बदायूँ में गठित स्थायी लोक अदालत, बदायूँ में रिक्त आशुलिपिक एवं चपरासी के पद पर दीवानी न्यायालय / कलैक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारी नियुक्ति किया जाना है। जिसके लिये आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 25-10-2025 तक आवेदन आमन्त्रित किये गये थे। जिनका विवरण निम्नलिखित है।-

| पद का नाम | पदों की संख्या | वेतनमान/मानदेय (रूपये) | उम्र |
|---|---|---|---|
| आशुलिपिक | 01 | जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट के सेवानिवृत्त कर्मियों को अधिकतम 02 वर्ष के लिये एक निर्धारित मानदेय रूपये 9000/- प्रतिमाह पर अनुबन्धित कर कार्य कराया जायेगा। | आवेदक की उम्र विज्ञापन की तिथि पर 65 वर्ष से कम हों। |
| चपरासी | 01 | जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट के सेवानिवृत्त कर्मियों को अधिकतम 02 वर्ष के लिये एक निर्धारित मानदेय रूपये 7000/- प्रतिमाह पर अनुबन्धित कर कार्य कराया जायेगा। | आवेदक की उम्र विज्ञापन की तिथि पर 65 वर्ष से कम हों। |

उक्त के सम्बन्ध में अभी तक कोई आवेदन न प्राप्त होने के कारण उक्त विज्ञप्ति का दिनांक 15.01.2026 तक बढाया जाता है। शासनादेश द्वारा सृजित उपरोक्त पद पर आवेदन हेतु अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन आमन्त्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र पर अभ्यर्थी अपना नाम, पता, जन्मतिथि, शैक्षणिक योग्यता, विभाग का नाम जहां से सेवानिवृत्त हुये हैं- सेवानिवृत्ति का दिनांक, फिटनेस प्रमाण-पत्र, पहचान-पत्र (आधार कार्ड) तथा मोबाइल संख्या अंकित करते हुये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के कार्यालय में दिनांक 15.01.2026 को सांय 05:00 बजे तक जमा कर सकते।

आवेदन करने हेतु फार्म जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ कार्यालय के नोटिस बोर्ड से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 से सांय 05:00 बजे के मध्य तथा जनपद न्यायालय, बदायूँ की बेबसाइट https://districts.ecourts.gov.in/budaun से प्राप्त किया जा सकता है।

दिनांकः

26/11/2025

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ।

प्रतिलिपिः

1. सिस्टम आफीसर कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, बदायूँ को उक्त विज्ञप्ति व आवेदन-पत्र का प्रारूप माननीय उच्च न्यायालय व जनपद न्यायालय, बदायूँ की बेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
2. जिलाधिकारी, बदायूँ को इस आशय से प्रेषित कि कलेक्ट्रेट व अधीनस्थ तहसीलों के नोटिस बोर्ड पर उक्त विज्ञप्ति व आवेदन-पत्र का प्रारूप को चस्पा कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय बदायूँ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वह उक्त विज्ञप्ति व आवेदन-पत्र का प्रारूप को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करायें।
4. कार्यालय-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु ।
5. सहायक सूचना निदेशक बदायूँ को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त विज्ञप्ति व आवेदन-पत्र का प्रारूप को जन-साधारण की जानकारी हेतु समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करायें।

26/11/2025

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,बदायूँ।

Scanned with OKEN Scanner